अमर उजाला 29/11/2024

अंग्रेजी सीखने के नए तरीके बताए

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में अंग्रेजी विभाग की ओर से लैंग्वेज लैब के सहयोग से 10 दिवसीय ऑनलाइन इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स करवाया गया। इसमें बाहरी स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा सीखने के नए कौशल और तरीके बताए गए और उनको नई चुनौतियों में अवसर खोजने का एक नया अभ्यास बताया गया।

अंग्रेजी विभाग से प्राध्यापक महक तलवार ने यह कोर्स विद्यार्थियों को कराया। इसमें गूगल फॉर्म के माध्यम से बाहरी विद्यार्थियों ने फॉर्म को भरा और इस ऑनलाइन स्पीकिंग कोर्स को 10 दिन के लिए ज्वाइन किया।

इसी अलावा अंग्रेजी साहित्य के विद्यार्थियों के लिए विलियम शेक्सपियर के प्रसिद्ध दुखांत नाटक किंग लियर को दिखाया गया। जोकि इंग्लैंड के इतिहास से जुड़ी घटना को दर्शाता है। इस फिल्म को साहित्य एवं अन्य संकायों के विद्यार्थियों ने देखकर साहित्यिक और उसे समय की ऐतिहासिक घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की। यह जानकारी उनके पाठ्यक्रम को सरलता से समझने में उनके लिए बहुत उपयोगी होगी। कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग से डॉ. ज्योति, डॉ. अंशु चौधरी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में चर्चा के दौरान मौजूद विद्यार्थी। कॉलेज

इसके साथ ही कॉलेज में घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम एवं शी बॉक्स पोर्टल पर पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों के समूह में कॉलेज के समाज शास्त्र विभाग से प्रो. मनदीप कौर, राजनीति विज्ञान विभाग से डॉ. एसएस नैन, मनोविज्ञान विभाग से डॉ. अनुपमा सिहाग, वनस्पति विज्ञान विभाग से डॉ. मीनू राठी, इतिहास विभाग से डॉ. धर्मवीर सैनी, अंग्रेजी विभाग से डॉ. ज्योति सरोत शामिल रहे।